प्रभात खबर

गोविंदपुर में नकली कोल्डड्रिंक फैक्ट्री का भांडाफोड़

गोविंदपुर थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर रविकांत प्रसाद के नेतृत्व में पुलिस ने रविवार को टीटीचापुड़ी गांव में छापामारी कर नकली कोल्ड ड्रिंक बनाने वाली मिनी फैक्ट्री का भांड़ा फोड़ किया है. पुलिस ने यहां से भारी मात्रा में विभिन्न कंपनियों के नकली कोल्ड ड्रिंक, रैपर, खाली बोतल, ढक्कन, केमिकल एवं मशीनें भी जब्त की हैं. बताया जाता है कि यहां ज्ञान ज्योति कोचिंग सेंटर की आड़ में पिता-पुत्र द्वारा नकली कोल्ड ड्रिंक बनाकर बाजार में बेचा जा रहा था. पुलिस ने गुप्त सूचना पर यहां छापेमारी की. पुलिस को देखकर भागने का प्रयास कर रहे पिता-पुत्र श्याम पद मंडल एवं मनोज कुमार मंडल को रगेद कर पकड़ लिया गया. गोविंदपुर में पहली बार इस तरह की नकली फैक्ट्री का भंडाफोड़ हुआ है. पुलिस के अनुसार गिरफ्तार दोनों बाप-बेटे से जब फैक्ट्री के संबंध में कागजात मांगे गये तो दोनों किसी भी तरह के कागजात नहीं दिखा सके. पुलिस मामले की जांच कर रही है.

Source:
https://www.prabhatkhabar.com/state/jharkhand/dhanbad/fake-cold-drink-factory-busted-in-govindpur